भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या 1163

सोमवार, 31 जुलाई, 2023 (श्रावण 9,1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानन प्रशिक्षण का विस्तार

1163. श्री नीरज डांगी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में सरकारी और निजी प्रशिक्षण केंद्रों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने देश में विमानन प्रशिक्षण का विस्तार करने के लिए कोई कदम उठाया है;
यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) सरकार द्वारा नए विमानन प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना के लिए निर्धारित मानदंडों और इस संबंध में आवश्यक आधारभूत संरचना का ब्यौरा क्या है; और
(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त पायलटों की संख्या कितनी है ?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क): हवाई यातायात प्रबंधन (एटीएम) कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के नियंत्रण के तहत, 3 (तीन) हवाई यातायात सेवाएँ प्रशिक्षण संगठन (एटीएसटीओ), अर्थात (i) सीएटीसी, प्रयागराज (यूपी) (ii) एचटीसी, हैदराबाद (तेलंगाना) (iii) एनआईएटीएएम, गोंदिया (महाराष्ट्र) हैं, जो नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा विधिवत रूप से अनुमोदित हैं।
डीजीसीए द्वारा अनुमोदित उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफ़टीओ) की सूची अनुलग्नक-I के रूप में संलग्न है।
डीजीसीए द्वारा अनुमोदित 07 प्रशिक्षण संगठन (एटीओ) हैं, जो भारत में टाइप विनिर्दिष्ट विमान प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। इन 07 एटीओ की सूची अनुलग्नक-II के रूप में संलग्न है।
एयरोस्पेस एवं विमानन सेक्टर कौशल परिषद (एएएसएससी) द्वारा मान्यता-प्राप्त, विमानन रोजगार भूमिकाओं से संबंधित 31 सरकारी तथा निजी प्रशिक्षण केंद्र हैं। इन प्रशिक्षण केन्द्रों की सूची अनुलग्नक-III के रूप में संलग्न है।

(ख): देश में विमानन प्रशिक्षण के विस्तार के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम इस प्रकार हैं:-

(i) वर्तमान में 57 बेसों पर 36 उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) प्रचालनिक हैं, जिन्हें नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अनुमोदित किया गया है।

(ii) देश में प्रशिक्षित पायलटों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने एक उदारीकृत उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) नीति तैयार की है, जिसके तहत हवाईअड्डे की रॉयल्टी (एफटीओ द्वारा भाविप्रा को राजस्व शेयर का भुगतान) की अवधारणा को समाप्त कर दिया गया है तथा भूमि किराये को काफी युक्तिसंगत बना दिया गया है।

(iii) वर्ष 2021 एवं 2022 में, प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के दो दौर के पश्चात, भाविप्रा ने कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम, गुजरात, आंध्र प्रदेश, राजस्थान तथा तमिलनाडु में, दस हवाईअड्डों पर पंद्रह एफटीओ स्लॉट अवार्ड किए हैं।

(iv) डीजीसीए ने एफटीओ में उड़ान प्रशिक्षक को उड़ान प्रचालन अधिकृत करने का अधिकार प्रदान करने के लिए अपने नियमों में संशोधन किया है। अब तक यह अधिकार केवल मुख्य उड़ान प्रशिक्षक (सीएफआई) अथवा उप सीएफआई तक ही सीमित था।

(v) सरकार की प्रमुख पहलों में से एक, एयरोस्पेस तथा विमानन क्षेत्र में संसाधनों की मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को मिटाने के लिए, एनएसडीसी के तहत एएएसएससी को सेक्टर कौशल परिषद के रूप में, स्थापित करना है। परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में एएएसएससी, भारतवर्ष में केंद्र तथा राज्य योजनाओं के तहत कई सरकारी परियोजनाओं में प्रशिक्षण भागीदारों (टीपी) के माध्यम से अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रही है।

(ग): नए उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) की स्थापना के लिए आवश्यक अवसंरचना-संबंधी सुविधाओं सहित निर्धारित मानदंडों का विवरण, वायुयान नियमावली के नियम 41ख तथा नागर विमानन अपेक्षाओं के खंड 7, श्रृंखला घ, भाग-I के तहत निर्धारित किया गया है।
एयरोस्पेस एवं विमानन क्षेत्र कौशल परिषद (एएएसएससी), राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में कार्य करती है। एएएसएससी, विमानन रोजगार भूमिकाओं से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों को मान्यता देते समय एनएसडीसी द्वारा तैयार किए गए दिशानिर्देशों का पालन करता है।

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान जारी किए गए वाणिज्यिक पायलट लाइसेंसों (सीपीएल) की संख्या इस प्रकार है:-

वर्ष	**भारतीय एफ़टीओ के कैडेटों को जारी की गई सीपीएल**	**विदेशी एफ़टीओ के कैडेटों को जारी की गई सीपीएल**	**कुल**
2020	335	243	578
2021	504	358	862
2022	616	549	1165
2023	525	356	881

(30.06.2023 तक)

****

अनुलग्नक I

राज्य सभा के दिनांक 31.07.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1163 के उत्तर से संबंधित अनुलग्नक

उड़ान प्रशिक्षण संगठनों की राज्यवार सूची

क्रम सं.	राज्य	नाम	स्वामित्व प्रकार	अतिरिक्त बेस
1.	बिहार	बिहार फ्लाइंग इंस्टीट्यूट	राज्य सरकार	
2.	गुजरात	अहमदाबाद एविएशन एंड एरोनॉटिक्स लिमिटेड,	प्राइवेट लिमिटेड	मेहसाणा हवाईपट्टी, अहमदाबाद, गुजरात
3.	गुजरात	गुजरात फ्लाइंग क्लब,	धारा 25 कंपनी (डीम्ड चैरिटेबल ट्रस्ट)	अमरेली , गुजरात
4.	हरियाणा	हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ सिविल एविएशन	राज्य सरकार	1. हिसार , हरियाणा 2. पिंजौर , हरियाणा
5.	हरियाण	एफएसटीसी फ्लाइंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड	प्राइवेट लिमिटेड	नारनौल , हरियाणा
6.	झारखंड	अलकेमिस्ट एविएशन प्रा. लिमिटेड	प्राइवेट लिमिटेड	
7.	कर्नाटक	गवर्नमेंट फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल	राज्य सरकार	
8.	कर्नाटक	ओरिएंट फ्लाइट एविएशन अकादमी	प्राइवेट लिमिटेड	
9.	केरल	राजीव गाँधी अकादमी फॉर एविएशन टेक्नोलॉजी	राज्य सरकार	
10.	मध्य प्रदेश	चाइम्स एविएशन अकादमी,	प्राइवेट लिमिटेड	नीमच हवाईपट्टी, जयसिंगपुरा, नीमच, मध्य प्रदेश - 458441
11.	मध्य प्रदेश	मध्य प्रदेश फ्लाइंग क्लब, इंदौर	प्राइवेट लिमिटेड	भोपाल, मध्य प्रदेश
12.	मध्य प्रदेश	शा-शिब फ्लाइंग अकादमी,	संस्था	
13.	मध्य प्रदेश	जेट सर्व एविएशन प्रा. लिमिटेड	प्राइवेट लिमिटेड	

क्रम सं.	राज्य	नाम	स्वामित्व प्रकार	अतिरिक्त बेस
14.	महाराष्ट्र	अकादमी ऑफ कार्वर एविएशन	प्राइवेट लिमिटेड	
15.	महाराष्ट्र	ब्लू रे एविएशन	प्राइवेट लिमिटेड	महेसाणा, गुजरात
16.	महाराष्ट्र	नागपुर फ्लाइंग क्लब	राज्य सरकार	
17.	महाराष्ट्र	नेशनल फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट प्राइवेट लिमिटेड	प्राइवेट लिमिटेड	
18.	महाराष्ट्र	रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग एकेडमी प्रा. लिमिटेड	प्राइवेट लिमिटेड	1. सिवनी , मध्य प्रदेश 2. लीलाबारी , असम 3. कलबुर्गी , कर्नाटक 4. बेलगावी , कर्नाटक
19.	महाराष्ट्र	एसवीकेएम एनएमआईएमएस एकेडमी ऑफ एविएशन	प्राइवेट लिमिटेड	
20.	महाराष्ट्र	एसकेवाईएनईएक्स एयरो प्रा. लिमिटेड	प्राइवेट लिमिटेड	
21.	महाराष्ट्र	द बॉम्बे फ्लाइंग क्लब	प्राइवेट लिमिटेड	1. धुले , महाराष्ट्र
22.	ओडिशा	गवर्नमेंट एविएशन ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट	राज्य सरकार	बिरसल , ओडिशा
23.	पंजाब	पटियाला एविएशन क्लब	राज्य सरकार	अमृतसर - पंजाब
24.	राजस्थान	वनस्थली विद्यापीठ ग्लाइडिंग फ्लाइंग क्लब	संस्था	
25.	तमिलनाडु	एक्वी एयर ट्रेनिंग आर्गेनाइजेशन	प्राइवेट	
26.	तेलंगाना	एशिया पैसिफिक फ्लाइट ट्रेनिंग एकेडमी लिमिटेड	प्राइवेट लिमिटेड	1. बेगमपेट हवाईअड्डा, हैदराबाद, तेलंगाना (2015) 2. कलबुर्गी हवाईअड्डा, कर्नाटक (2021)

क्रम सं.	राज्य	नाम	स्वामित्व प्रकार	अतिरिक्त बेस
27.	तेलंगाना	फ्लाइटेक एविएशन एकेडमी	पब्लिक लिमिटेड	नागार्जुन सागर, आंध्र प्रदेश
28.	तेलंगाना	तेलंगाना स्टेट एविएशन एकेडमी	राज्य सरकार	
29.	तेलंगाना	विंग्स एविएशन प्राइवेट लिमिटेड	प्राइवेट लिमिटेड	
30.	उत्तर प्रदेश	एम्बिसंस फ्लाइंग क्लब प्राइवेट लिमिटेड	प्राइवेट लिमिटेड	
31.	उत्तर प्रदेश	चेतक एविएशन	संस्था	
32.	उत्तर प्रदेश	फाल्कन एविएशन अकादमी	ट्रस्ट	रीवा, मध्य प्रदेश (2019)
33.	उत्तर प्रदेश	गर्ग एविएशन लिमिटेड यूपी	प्राइवेट लिमिटेड	
34.	उत्तर प्रदेश	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी	केंद्र सरकार	1 गोंदिया , महाराष्ट्र 2 कलबुर्गी , कर्नाटक
35.	उत्तर प्रदेश	पायनियर फ्लाइंग अकादमी प्राइवेटलिमिटेड	प्राइवेट लिमिटेड	
36.	उत्तर प्रदेश	सरस्वती एविएशन अकादमी	ट्रस्ट	

स्रोत: नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए)

अनुलग्नक II

राज्य सभा के दिनांक 31.07.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1163 के उत्तर से संबंधित अनुलग्नक

उड़ान प्रशिक्षण संगठनों की राज्यवार सूची

विनिर्दिष्ट टाइप के विमान के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु भारत में अनुमोदित प्रशिक्षण संगठनों की सूची

क्रम सं.	एटीओ
1	एफएसटीसी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव और हैदराबाद
2	सीएसटीपीएल, ग्रेटर नोएडा
3	एजीआईपीएल (एयरबस इंडिया), गुड़गांव
4	सीटीई, एअर इंडिया, मुंबई, हैदराबाद, नई दिल्ली
5	सीएई, बेंगलुरु
6	एएजी सेंटर फॉर एविएशन ट्रेनिंग, चेन्नई
7	हैट्स-ऑफ हेलीकॉप्टर ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलुरु

स्रोत: नागर विमानन महानिदेशालय

अनुलग्नक III

राज्य सभा के दिनांक 31.07.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1163 के उत्तर से संबंधित अनुलग्नक

उड़ान प्रशिक्षण संगठनों की राज्यवार सूची

क्रम सं.	प्रशिक्षण केन्द्र का नाम	राज्य
1	फ्लेज इंस्टीट्यूट, पैटक पॉलिटेक्निक मुंबई	महाराष्ट्र
2	स्टेप एजुकेशन - लायंस क्लब	महाराष्ट्र
3	एयरोस्टार जेट ट्रेनिंग एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड	गुजरात
4	स्टेप एजूकेशन-आइडलएजूकेशन गोरेगांव	महाराष्ट्र
5	कॉलेज ऑफ इंटरनेशनल मैनेजमेंट इंडिया	महाराष्ट्र
6	सीएसआईआर-एनएल एयरोस्पेस कौशल विकास केंद्र	कर्नाटक
7	एमिगो अकादमी प्राइवेट लिमिटेड	महाराष्ट्र
8	एयरोस्टार जेट प्रशिक्षण अकादमी	गुजरात
9	विज़न एविएशन अकादमी	महाराष्ट्र
10	फ्लेज इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन एंड हॉस्पिटैलिटी भोपाल	मध्य प्रदेश
11	श्री संत गाडगे महाराज महाविद्यालय	महाराष्ट्र
12	श्री मोतीरामजी के उमाठे	महाराष्ट्र
13	नारायण कॉलेज	उत्तर प्रदेश
14	ठाकुर इंस्टीट्यूट ऑफ एविएशन	महाराष्ट्र
15	एएचआर एविएशन अकादमी	केरल
16	स्पीडविंग्स एकेडमी फॉर एविएशन सेंटर	केरल
17	गो एविएटर अकाडमी	मणिपुर
18	एईएल_रामगढ़	राजस्थान
19	पीटीसी एविएशन अकादमी	तमिलनाडु
20	नेट टू नेट एजूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी	पंजाब
21	एसेंसिव- खैरथाल	राजस्थान
22	एडैएल-नोहर	राजस्थान
23	एईएल_खेरली	राजस्थान
24	एईएल_भरतपुर	राजस्थान
25	एईएल_राजगढ़	राजस्थान
26	जीडीएम एजुकेशनल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट	पंजाब
27	आबन पब्लिक स्कूल	पंजाब
28	मारुति एजुकेशनल सोसायटी - अडोनी	आंध्र प्रदेश
29	मारुति एजुकेशनल सोसायटी-कुरनूल	आंध्र प्रदेश
30	उदयपुर सेंटर	
31	नमदाफा डिग्री कॉलेज	अरुणाचल प्रदेश

स्रोत: एयरोस्पेस और विमानन क्षेत्र कौशल परिषद (एएएसएससी)